रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2422] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 10, 2015/कार्तिक 19, 1937
No. 2422] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 10, 2015/KARTIKA 19, 1937

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 नवम्बर, 2015

का.आ. 3030(अ).— निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा।

प्रारूप अधिसूचना

का.आ. सं. 382 तारीख 7.8.1991 द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अधीन वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन अभयारण्य, भागलपुर, बिहार के भागलपुर जिले में अक्षांश 25°10 और 25°25 उ. और देशान्तर 86°30 और 87°15 पू. के बीच है और सुल्तानगंज से गंगा नदी के भाग से कहलगांव के गंगा नदी के मध्य में तीन छोटी पहाड़ियों तक लगभग 60 किलोमीटर की लम्बाई तक फैला हुआ है।

और विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य में जहाँ गंगेटिक डालफिन, ऊदबिलाव, कछुआ, बहुत सी प्रवासी पक्षियाँ, पारिस्थितक महत्व के लिए महत्वपूर्ण प्रजातियाँ है ;

और जहाँ, गंगा नदी का भाग अभयारण्य है और नदी कभी- कभी अपना मार्ग बदल भी सकती है और अभयारण्य का क्षेत्र संकटपन्न प्रजातियों गंगेटिक डालफिन तथा अन्य वनस्पति एवं जीवजन्तु कि पारिस्थितक महत्व कि प्रजातियों के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है;

और, इस क्षेत्र का परिरक्षण और संरक्षण करना आवश्यक है तथा जिसके विस्तार और सीमाओं को इस अधिसूचना के पैरा 1 में विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितकीय संवेदी जोन के रुप में विनिर्दिष्ट किया गया है और पर्यावरण की दृष्टि से उद्योगों या उद्योगों के वर्ग को तथा उनकी संक्रियाओं और प्रक्रियाओं को उक्त पारिस्थितकीय संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उप धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार राज्य में विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 100 मीटर से 5.0 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं--**(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार लगभग 12,221 हैक्टेयर क्षेत्र को मिलाकर विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 100 मीटर से 5.0 किलोमीटर तक क्षेत्र का है |

(2) इसका सीमा विवरण **उपाबंध – I** पर दिया गया है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा का मानचित्र **उपाबंध II** पर उपाबद्ध है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन कि सीमा इसके अक्षांश और देशान्तर के साथ-साथ **उपाबंध III** पर उपाबद्ध है |

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन प्रमुख बिन्दुओं पर इसके भीतर आने वाले ग्रामों/मोहल्ला की सूची **उपाबंध IV** पर उपाबद्ध है |

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) आचंलिक महायोजना का अनुमोदन राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा |

(3) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति जैसा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है और सुसंगत केन्द्रीय और राज्य विधियों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों, यदि कोई हो, के अनुरूप भी तैयार की जाएगी |

(4) आंचलिक महायोजना सभी संबद्ध राज्य विभागों के साथ परामर्श से पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय विचारणों को उसमें एकीकृत करने के लिए तैयार की जाएगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) नगर विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिक ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ; और

(viii) बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आंचलिक महायोजना सभी अवसंरचना और कार्यकलापों में दक्षता और पारिस्थितिकीय अनुकूलता का संवर्द्धन करेगी

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी जिससे कि स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकजन्य विकास और जीविका को सुनिश्चित किया जा सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :-

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए हैं वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन के अधीन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं0 20, 24, 30 और 35 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि;

(iii) वर्षा जल संचय; और

(iv) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण दस्तकार हैं |

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 तथा तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक स्रोतों --** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनर्नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जो आंचलिक महायोजना का भाग रूप में निम्नलिखित रूप में होंगे।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, बिहार सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, बिहार सरकार के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा पारिस्थितिक पर्यटन राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन,

IndiaCode

पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के आवास के सिवाय कोटागढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर नए होटलों और नए होटलों और विश्रामस्थलों के सन्निर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ; परन्तु पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक संरक्षित क्षेत्रों की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व-परिभाषित और अभिहित क्षेत्रों में ही नए होटलों और विश्रामस्थलों की स्थापना की अनुज्ञा दी जाएगी |

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना जोनल मास्टर प्लान का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थलों -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन -** परिवहन की यानीय गतिविधि प्राणीयों के अनुकूल रीति से विनियमित की जाएगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और जब तक ऐसी आंचलिक महायोजना राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी

द्वारा तैयार और अनुमोदित नहीं किया जाता है | मानीटरी समिति सुंसगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों नियमों और विनियमों के अधीन यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :		
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और बृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	आरा मशीनों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मशीनों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	नए बृहत जल विद्युत परियोजना का स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे रोप-वे, गर्म वायु गुबारों आदि द्वारा अभयारण्य क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या भू-क्षेत्र में अनपचारित बहिस्रार्व और ठोस अपशिष्टों का निस्तारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
8.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
विनियमित क्रियाकलाप		
9.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
10.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है ।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का निष्कर्षण सतही और भूमिगत जल अनुज्ञात होगा । (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है । (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा ।

		(घ) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
11.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
12.	विद्युत केबलों, परेषण लाइनों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण।	भूमिगत केबलों को अनुज्ञात किया जा सकेगा ।
13.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
14.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण।	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनिकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे।
15.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
16.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
17.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
19.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करना और अवमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन करना होगा।
20.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं।
21.	वन उत्पादों और गैर कास्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
22.	सुरक्षा बलों के कैम्प।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में 100% आयातित काष्ठ स्टाक उपभोग करने वाले नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना की जा सकेगी।
24.	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए कनात, लकड़ी के घर आदि जैसे पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए पारिस्थितिक अनुकूल कुटी।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	प्लास्टिक थैलों का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	होटल और विश्राम स्थलों का वाणिज्यिक स्थापन।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए आवास के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर किसी नए वाणिज्यिक होटलों और विश्रामस्थलों की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी तथापि एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप होगा।
27.	सन्निर्माण क्रियाकलाप	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार के नए वाणिज्यिक सन्निर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। परन्तु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने रिहायशी उपयोग के लिए अपनी भूमि पर सन्निर्माण करने की अनुज्ञा दी जाएगी।

		प्रदूषण न कारित करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित सन्निर्माण क्रियाकलापों को विनियमित किया जाएगा और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हैं, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुज्ञा के साथ न्यूनतम तक रखा जाएगा । (ख) एक किलोमीटर से परे तथा पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सन्निर्माण कार्य को सदभाविक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए अनुज्ञात किया जाएगा और अन्य सन्निर्माण क्रियाकलापों को आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित किया जाएगा । (ग) पारिस्थितिक संवेदी जोन में सन्निर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुसार होगा ।
28.	नदियों और प्राकृतिक जल निकायों में मछली पकड़ना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
संवर्धित क्रियाकलाप		
29.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
31.	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए ।
33.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
34.	वानस्पतिक घेराबन्दी ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे |
35.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए ।

5. पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क)	आयुक्त, भागलपुर संभाग	—अध्यक्ष
(ख)	राजस्व विभाग, बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि	—सदस्य
(ग)	जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि	—सदस्य
(घ)	क्षेत्रीय वरिष्ठ शहरी योजनाकार , बिहार सरकार	—सदस्य
(ङ)	क्षेत्रीय अधिकारी, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पटना	—सदस्य
(च)	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) का प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए बिहार राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	—सदस्य
(छ)	बिहार सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए एक विशेषज्ञ	—सदस्य
(ज)	संभागीय वन अधिकारी, भागलपुर	—सदस्य-सचिव

निर्देश शर्तें -

(2) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

IndiaCode

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध

गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (1986 का 29) के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध V** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे।

7. माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे।

[फा. सं. 25/32/2015-ईएसजेड/आरई]

डा. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध –।

विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य, बिहार के चारों ओर के पारिस्थितिक संवेदी जोन का सीमा विवरण

विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य का पारिस्थितिक संवेदी जोन मुख्यत: भागलपुर जिले में तथा खगरिया जिला के बहुत छोटे भाग में स्थित हैं।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार एवं सीमाए निम्नवत है:

(क) सुल्तानगंज में अभयारण्य कि पश्चिमी सीमा पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार अभयारण्य कि सीमा से ऊपर कि ओर 5 किलोमीटर तक होगा।

(ख) अभयारण्य कि उत्तरी सीमा कि ओर अर्थात गंगा नदी के पश्चिमी किनारे कि ओर, किनारे कि ओर, पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार अभयारण्य कि सीमा से 500 मीटर तक होगा।

(ग) काहलगाँव में गंगा नदी के मध्य में तीन छोटी पहाड़ियो पर अभयारण्य कि पूर्वी सीमा कि ओर, पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार गंगा नदी के अनुप्रवाह कि ओर अभयारण्य कि सीमा से 5 किलोमीटर तक होगा।


(घ) अभयारण्य कि दक्षिणी सीमा कि ओर अर्थात- गंगा नदी के पश्चिमी किनारे पर, पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार-(i) भागलपुर नगर निगम, सुल्तानगंज नगर परिषद और काहलगाँव नगर पंचायत के सम्मिलित क्षेत्र में अभयारण्य कि सीमा से 100 किलोमीटर तक होगा।

IndiaCode

(ii) सभी ग्रामों/शहरों में, यहाँ (i) में वर्णित भागलपुर नगर निगम, सुल्तानगंज नगर परिषद और काहलगाँव नगर पंचायत के सिवाय 200 मीटर।

उपाबंध – II

विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य, बिहार के प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध III

विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य, बिहार के पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहरी सीमा के प्रमुख बिन्दुओं को दर्शाने वाले निर्देशांक

आई डी	पारिस्थितिक संवेदी जोन को दर्शाने वाले जी पी एस निर्देशांक
1.	86°40'32.483" पू 25°16'6.139" उ
2.	86°43'48.432" पू 25°15'30.804" उ
3.	86°45'21.537" पू 25°16'43.757" उ
4.	86°46'5.489" पू 25°16'40.403" उ
5.	86°46'14.855" पू 25°17'43.932" उ
6.	86°49'10.730" पू 25°19'4.955" उ
7.	86°52'58.801" पू 25°21'1.668" उ
8.	86°55'50.414" पू 25°20'35.522" उ
9.	86°59'22.132" पू 25°20'12.413" उ
10.	87°2'14.5254" पू 25°17'0.747" उ
11.	87°5'56.763" पू 25°18'24.924" उ

12.	87°8'13.228" पू	25°19'3.885" उ
13.	87°11'34.530" पू	25°18'7.134" उ
14.	87°12'20.541" पू	25°17'57.741" उ
15.	87°13'47.304" पू	25°20'26.333" उ
16.	87°15'57.936" पू	25°18'52.106" उ
17.	87°15'15.106" पू	25°17'13.597" उ
18.	87°13'43.021" पू	25°15'13.672" उ
19.	87°13'15.555" पू	25°14'43.574" उ
20.	86°55'50.414" पू	25°20'35.522" उ
21.	87°2'41.293" पू	25°15'26.521" उ
22.	86°59'2.858" पू	25°16'0.785" उ
23.	86°56'58.651" पू	25°28'22.125" उ
24.	86°53'15.933" पू	25°17'41.436" उ
25.	86°52'0.980" पू	25°17'31.799" उ
26.	86°50'32.107" पू	25°15'52.219" उ
27.	86°48'22.545" पू	25°15'13.672" उ
28.	86°44'40.899" पू	25°15'10.459" उ
29.	86°40'24.988" पू	25°15'8.318" उ

उपाबंध IV

विक्रमशिला गंगेटिक डालफिन वन्यजीव अभयारण्य, बिहार के प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले नगर ग्रामों/मोहल्ला की सूची

क्र.सं.	गांव/मोहल्ला	पंचायत /नगर निगम /नगर परिषद /नगर पंचायत	ब्लॉक	जिला	भूमि के उपयोग की प्रकृति	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा
1	2	3	4		5	6
दक्षिणी दिशा						
1	मुरलीपहारी	सुल्तानगंज नगर परिषद	सुल्तानगंज	भागलपुर	जल निकाय	100 मी
2	सुल्तानगंज	सुल्तानगंज नगर परिषद	सुल्तानगंज		कृषि भूमि, आवासीय	100 मी
3	अबजुगंज	सुल्तानगंज नगर परिषद	सुल्तानगंज		कृषि भूमि, आवासीय	100 मी
4	कोलगामा	तिलकपुर पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
5	तिलकपुर	तिलकपुर पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
6	महेशी	महेशी पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
7	पेईन	महेशी पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
8	इंगलिश चिचरौन	महेशी पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
9	अकबरपुर	अकबरपुर पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
10	खैरहिया	अकबरपुर पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
11	भाभनाथपुर	भाभनाथपुर पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी
12	खुताहा	भाभनाथपुर पंचायत	सुल्तानगंज		कृषि भूमि	200 मी

IndiaCode

13	चम्पानाल	साहपुर पंचायत	नाथनगर		कृषि भूमि	200 मी
14	रान्नुचक	रान्नुचक पंचायत	नाथनगर		कृषि भूमि	200 मी
15	साहपुर	साहपुर पंचायत	नाथनगर		कृषि भूमि	200 मी
16	कोहबारा	साहपुर पंचायत	नाथनगर		कृषि भूमि	200 मी
17	श्री रामपुर	साहपुर पंचायत	नाथनगर		कृषि भूमि	200 मी
18	दिलदारपुर	साहपुर पंचायत	नाथनगर		कृषि भूमि	200 मी
19	महाशया दौहारी	भागलपुर नगर निगम	नाथनगर		कृषि भूमि, आवासीय	100 मी
20	महानपुर	भागलपुर नगर निगम	नाथनगर		कृषि भूमि, आवासीय	100 मी
21	तिलहाकोथी	भागलपुर नगर निगम	नाथनगर		आवासीय	100 मी
22	साहेबगंज	भागलपुर नगर निगम	नाथनगर		कृषि भूमि, कॉलेज, आवासीय, टी एन बी महाविद्यालय	100 मी
23	महादेव सिंह कॉलेज (कोभीबादी)	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		कृषि भूमि, कॉलेज, आवासीय	100 मी
24	कोइलाघाट	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		कृषि भूमि, आवासीय	100 मी
25	बुद्धानाथ मंदिर	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		कृषि भूमि, मंदिर, आवासीय	100 मी
26	एस. एम. कॉलेज (खंजरपुर)	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		कृषि भूमि, कालेज, आवासीय	100 मी
27	मायागंज हॉस्पिटल (मायागंज)	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		कृषि भूमि, आवासीय, जे एल एन हॉस्पिटल बी जी पी	100 मी
28	कुप्पाघाट (मायागंज)	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		कृषि भूमि, आवासीय, माही आश्रम	100 मी
29	हनुमानघाट	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		आवासीय	100 मी
30	रेफुजी कॉलोनी (संत नगर)	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		आवासीय	100 मी
31	सिधी घाट	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		आवासीय	100 मी
32	शमशान घाट	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		आवासीय	100 मी
33	इंडस्ट्रियल एरिया	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		आवासीय, औद्योगीक क्षेत्र	100 मी
34	बरारी घाट	भागलपुर नगर निगम	जगदीशपुर		आवासीय, औद्योगिक, स्कूल	100 मी
35	रानी तालाब	भागलपुर नगर निगम	साबौर		स्कूल, शिशु गृह, वाहन प्रदर्शन कक्ष, आवासीय	100 मी
36	इंजिनियरिग कॉलेज	भागलपुर नगर निगम	साबौर		अभियांत्रिकी महाविद्यालय, आवासीय	100 मी
37	साबौर मोर (बाबुपुर)	भागलपुर नगर निगम	साबौर		वाहन प्रदर्शन कक्ष, स्कूल, आवासीय	100 मी
38	बाबुपुर	बाबुपुर	साबौर		स्कूल, मंदिर, आवासीय	200 मी
39	इंगलिश फरका	इंगलिश फरका	साबौर		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
40	हरदासपुर	हरदासपुर	साबौर		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
41	पुन्नुचक	हरदासपुर	साबौर		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
42	एकौसीटोला	साबौर	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
43	शंकरपुर	साबौर	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी

IndiaCode

44	घोघा (गोलसड़क)	घोघा	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
45	साहपुर	घोघा	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
46	नवतोलया	घोघा	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
47	पक्कीसराय	पक्कीसराय	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
48	छोटी अमापुर	भोलसार	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
49	बड़ी अमापुर	पक्कीसराय	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
50	कुलकुलिया	भोलसार	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
51	तिनपहरी	गोपालपुर	कहालगांव		कृषि भूमि, आवासीय	200 मी
उत्तरी दिशा						
1	अगुवानी घाट	सियादपुर	परबट्टा	खगरिया	कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
2	राका	सियादपुर	परबट्टा		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
3	लगार	लगार	परबट्टा		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
4	गंगापुर	गंगापुर	परबट्टा		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
5	बिसौनी	संसारपुर	परबट्टा		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
6	मोजामा	मोजामा	परबट्टा		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
7	भरसो	भरसोs	परबट्टा		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
8	लोनियाचक	लोनियाचक	परबट्टा		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
9	भारतखण्ड	भारतखण्ड	नारायनपुर	भागलपुर	कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
10	गनौल	गनौल	नारायनपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
11	मोजामा 2	मोजामा	नारायनपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
12	नारायनपुर	नारायनपुर	नारायनपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
13	सोनबरसा	सोनबरसा	नारायनपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
14	बभानगामा	बभानगामा	बिहपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
15	नरकटिया	गौरीपुर	बिहपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
16	लतीपुर	लतीपुर	बिहपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
17	काजी कोरमा	लतीपुर	बिहपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
18	खैरपुर	खैरपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
19	सोथिया	राघोपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
20	लोदीपुर	राघोपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
21	राघोपुर	राघोपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
22	अलालपुर	अलालपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
23	जय मंगल टोला	अलालपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
24	हाई लेवल (पुल के ऊपर)	अलालपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
25	बिनोवा	अलालपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी

IndiaCode

26	केलाबड़ी	अलालपुर	खारिक		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
27	इस्माइलपुर	इस्माइलपुर	इस्माइलपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
28	नवटोलिया	नवटोलिया	इस्माइलपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
29	कमलाकुण्ड	कमलाकुण्ड	इस्माइलपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
30	दियारा तिनतंगा	दियारा तिनतंगा	इस्माइलपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी
31	करारी तिनतंगा	करारी तिनतंगा	इस्माइलपुर		कृषि भूमि, आवासीय	500 मी

उपाबंध V

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें। बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें।
3. आचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)।
5. ईआईए अधिसूचना, 2006 (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं।
6. ईआईए अधिसूचना, 2006 (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 9th November, 2015

S.O. 3030(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of Section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the Public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forestand Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Ali Ganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at:- esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, the Vikramshila Gangetic Dolphin Sanctuary, Bhagalpur notified as a wildlife sanctuary under Wildlife (Protection) Act 1972 vide S.O. 382 dated 07.08.1991 lies between Latitudes 25°10' and 25°25' N and Longitude 86°30' and 87°15' E in the Bhagalpur District of Bihar and extends over a length of about 60 kilometre of portion of River Ganges from Sultanganj to three hillocks in the middle of River Ganges at Kahalgaon;

AND WHEREAS, the Gangetic dolphin, otter, turtle, many migratory birds are the species of vital ecological importance in Vikramshila Gangetic Dolphin Sanctuary;

AND WHEREAS, the portion of River Ganges is sanctuary and the river course may change occasionally and the sanctuary area is essential for conservation of endangered species, the Gangetic Dolphin and other ecologically important species of flora and fauna in this area;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which is specified in paragraph 1 of this notification around the protected area of the Vikramshila Gangetic Dolphin Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1), clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent varying from 100 metre to 5.0 kilometre from the boundary of the VikramshilaGangetic Dolphin Sanctuary in the State of Bihar as the Vikramshila Gangetic Dolphin Sanctuary Eco-sensitive Zone (hereinafter referred to as the Eco-sensitive Zone), details of which are as under, namely:-

1. **Extent and boundaries of Eco-sensitive Zone.-**(1) The extent of Eco-sensitive Zone is varies from 100 metres to 5.0 kilometres from the boundary of the Vikramshila Gangetic Dolphin Sanctuary. The area of Eco- sensitive Zone is12,221 hectare.

(2) The boundary description of the Eco-sensitive Zone is appended as **Annexure I**.

